छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formely Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/2716 /2022 दिनांक: 17/05/2022

सेवा में,

प्राचार्य/अधिष्ठाता,
जी.एस.वी.एम. मेडिकल कालेज,
कानपुर।

विषय : एम.डी./एम.एस./डिप्लोमा/डी.एम./एम.सी.एच. की परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया आदेशानुसार अवगत कराना है कि संदर्भित परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षा कार्यक्रम अतिशीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किया जायेगा। ये परीक्षायें निम्नलिखित निर्देशों के अधीन सम्पन्न होंगी–

1. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं की सूची पूर्व की भाँति तीन प्रतियों में तैयार कर एक प्रति सहायक कुलसचिव (मेडिकल) को दूसरी पी.एम.यू. सेल को तथा तीसरी भविष्य के संदर्भ के लिए महाविद्यालय में सुरक्षित रखें।
2. सम्बन्धित महाविद्यालय दिनांक 17.05.2022 से दिनांक 27.05.2022 तक ऑनलाइन प्रोसेसिंग एवं परीक्षा शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. ये परीक्षायें सी.सी.टी.वी. सिस्टम की निगरानी में सम्पन्न होंगी जिसकी विश्वविद्यालय के कण्ट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग की जायेगी। प्रत्येक दिन की रिकॉर्डिंग की डी.वी.डी. तैयार कर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है।
4. प्राचार्य इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे कि परीक्षा में सम्मिलित कराये जा रहे सभी छात्र/छात्राओं की महाविद्यालय में भारतीय चिकित्या परिषद, नई दिल्ली के विनियम–2000 के अनुसार कक्षाओं में उपस्थिति, उनका निर्धारित पाठ्यक्रम एवं कोर्स की न्यूनतम अवधि पूर्ण है। किसी विसंगति की दशा में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्राचार्य का होगा।
5. प्राचार्य द्वारा परीक्षाओं में कोविड–19 से सुरक्षा हेतु सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क सैनिटाइजर, आदि सरकार द्वारा निर्देशित सभी नियमों का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
6. अतः अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को उक्त से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभारी पी0एम0यू0 सेल, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना का संज्ञान लेते हुए सभी सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन एवं वेबसाइट के होमपेज पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. सम्वन्धित पत्रावली

(अजीत प्रताप सिंह)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)